प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र कल से शिमला में– दो बजे शुरू होगी सदन की बैठक–सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- मुख्यमंत्री ने भूस्खलन से प्रभावित सड़कों की बहाली के कार्यों में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश–वर्षा से उत्पन्न स्थिति का लिया जायज़ा।
- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा–चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल एक समान–संविधान के अनुसार किए जा रहे हैं सभी कार्य।
- मंडी ज़िले में ऊहल चरण–3 परियोजना ने अर्जित किया एक सौ करोड़ रूपये का राजस्व–इस वर्ष 3 सौ 89 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का है लक्ष्य।
  प्रदेश के कई ज़िलों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित–मंडी व कुल्लू ज़िले में बादल फटने से कई मकानों व दुकानों को नुकसान।

मॉनसून सत्र

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र कल से शिमला में शुरू हो रहा है। सदन की पहली बैठक कल दोपहर बाद 2 बजे शुरू होगी। ये सत्र दो सितम्बर तक चलेगा और इस दौरान सदन की कुल 12 बैठकें होंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर व्यापक चर्चा के लिए ही इस बार मॉनसून सत्र में अधिक बैठकें रखी गई हैं। पठानिया ने कहा कि सत्र के सफल संचालन और दोनों पक्षों में सामंजस्य बनाने के लिए उन्होंने कल सत्र से पहले दोपहर 12 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी को आमंत्रित किया गया है।

इस बीच सत्र पर रणनीति तैयार करने के लिए भाजपा विधायक दल की बैठक इस समय शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हो रही है।

आपदा–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में कुल्लू, मंडी और किन्नौर ज़िले में भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित उपायुक्तों को क्षति की विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए और अवरूद्ध सड़कों की बहाली के कार्य में तेज़ी लाई जाए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।

इस बीच मुख्यमंत्री ने बताया कि भारी बारिश से राज्य को अब तक 2 हजार एक सौ करोड़ रुपये से अधिक का नुक़सान हो चुका है। सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग को हुआ है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से प्रदेश को आर्थिक मदद का आग्रह किया है।

*केंद्रीय गृह मंत्री जी को जो मैंने आज से कोई एक महीना पहले जब उनसे मिला था मैंने उनसे कहा कि यह क्लाउडबस्टिंग हो रही है ग्लोबल वार्मिंग का असर है आप देखने की थोड़े समय बाद उत्तराखंड में भी होगा हमारे लिए रीजन में होता होगा मैं मुझे नहीं पता था उसके बाद उत्तराखंड में हुआ और पिछले दिनों किश्तवाड़ में हुआ तो मैं धन्यवाद भी करना चाहूंगा कि उन्होंने एक टीम साइंटिस्ट की भेजी जिसमें आईआईटी रुड़की के लोग थे एनवायरनमेंट लिस्ट द साइंटिस्ट थे इन सबको भेज कर उन्होंने एक स्टडी किया है और खुशी इस बात की इस दिशा में उन्होंने सूचना शुरू*

निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उसके लिए सभी दल समान हैं और वह राजनीतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने दोहरे मतदान का आरोप लगाया है, लेकिन जब उनसे इस बात के सबूत मांगे गये तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग और कोई भी मतदाता ऐसे झूठे आरोपों से नहीं डरता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग बिना किसी भेदभाव के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं सहित सभी वर्गों व सभी धर्मों के मतदाताओं के साथ निडरता से खड़ा रहेगा।

बिजली बोर्ड

मंडी ज़िले में ऊहल चरण–3 परियोजना ने बीती रात 12 बजे तक एक सौ करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त कर लिया है। ये परियोजना राज्य बिजली बोर्ड के तहत ब्यास वैली पावर कॉरपोरेशन द्वारा संचालित की जा रही है। बिजली बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि इसका श्रेय परियोजना के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जाता है। संजय गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना ने इस वर्ष जनवरी के अंतिम सप्ताह में उत्पादन शुरू किया था और इस वित्त वर्ष में लगभग 3 सौ 89 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाना है।

मौसम

प्रदेश के कई भागों में मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जन–जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घण्टों में कांगड़ा, मण्डी, किन्नौर, कुल्लू और सिरमौर ज़िलों में भारी वर्षा हुई है। मण्डी ज़िले के टकोली क्षेत्र में आज सुबह बादल फटने के बाद आई बाढ़ में अनेक रिहायशी मकानों व दुकानों में पानी घुस गया। पण्डोह बांध से अधिक पानी छोडे जाने के कारण ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ गया है। भारी वर्षा को देखते हुए प्रशासन ने मंडी सदर उपमंडल में कल सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। कुल्लू के दोहरा नाला में बादल फटने से मौहल खड्ड में बाढ़ आई गई और कुल्लू–भूंतर सड़क मार्ग भूस्खलन से यातायात के लिये बंद हो गया है। राज्य में भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 55 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इसके अलावा एक हजार 67 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 16 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। प्रदेश में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 2 सौ 63 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 37 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने आज राज्य के अनेक भागों में वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि कल कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट है।

आवारा कुत्ते

राजधानी शिमला में सभी आवारा कुत्तों को क्यूआर और जीपीएस आधारित पट्टे पहनाए जाएंगे। इसके माध्यम से कुत्तों के स्थान बदलने और उनके व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। नगर निगम महापौर सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि शिमला शहर में आवारा कुत्तों को रैबीज के टीके लगाए जा रहे हैं और उनकी नसबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आक्रामक स्वभाव वाले कुत्तों को डॉग हट टुटीकंडी में रखा जाएगा। आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी अभियान में महाराष्ट्र, गोवा और दिल्ली से आए पशु विशेषज्ञ शामिल हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को कर्ज़ के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया है। नाहन में आज पार्टी की एक बैठक में उन्होंने कहा कि हज़ारों करोड़ रूपये का कर्ज़ लेने के बाद भी राज्य सरकार जनता के ऊपर टैक्स का बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं आज भी 15 सौ रूपये का इंतजार कर रही हैं लेकिन कांग्रेस सरकार अपनी गारंटी को भूल चुकी है। बिंदल ने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है और विकास के नाम पर कोई भी काम नहीं किया गया है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन ज़िले की हिन्नर पंचायत में 2 करोड़ 78 लाख रूपये के विकास कार्यों के उद्घाटन किए। इनमें एक करोड़ 53 लाख रूपये से बना डाहर–पौंडी पैदल पथ पुल और सवा करोड़ रूपये से निर्मित डाहर–चकला सम्पर्क सड़क का लोकार्पण शामिल है। शांडिल ने इस मार्ग पर राज्य परिवहन निगम की बस को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बधाई

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी ज़िले में जोगिन्द्रनगर क्षेत्र के समोहली निवासी डोगरा रेजिमेंट के नायब सूबेदार सतीश कुमार को वीरचक्र से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। सतीश कुमार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी वीरता के लिए ये पुरस्कार दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

उपभोक्ता मामले

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इस वर्ष जुलाई में दस राज्यों में उपभोक्ताओं की शत प्रतिशत शिकायतों का समाधान करने की उपलब्धि दर्ज की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान दर्ज मामलों की तुलना में समाधान मामलों संख्या अधिक रही। ई–जागृति मंच के लॉन्च होने के बाद प्रवासी भारतीयों सहित दो लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई। इस मंच पर इस वर्ष कुल 85 हजार पांच सौ 31 मामले दर्ज किये गये।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र कल से शिमला में– दो बजे शुरू होगी सदन की बैठक–सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- मुख्यमंत्री ने भूस्खलन से प्रभावित सड़कों की बहाली के कार्यों में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश–वर्षा से उत्पन्न स्थिति का लिया जायज़ा।
- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा–चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल एक समान–संविधान के अनुसार किए जा रहे हैं सभी कार्य।
- मंडी ज़िले में ऊहल चरण–3 परियोजना ने अर्जित किया एक सौ करोड़ रूपये का राजस्व–इस वर्ष 3 सौ 89 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का है लक्ष्य।
- प्रदेश के कई ज़िलों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित–मंडी व कुल्लू ज़िले में बादल फटने से कई मकानों व दुकानों को नुकसान।